हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 8 अप्रैल 2026

06 हाई कोर्ट के फैसले के बाद नीतू परमार पहुंची नगर...



07 आंगनबाड़ी केंद्रों पर नौनिहाल ले सकेंगे...





## उपसंचालक रविकांत सिंह ने जारी किए आदेश

# उर्वरक वितरण लापरवाही पर हुई कार्रवाई आधा दर्जन व्यापारियों के लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

किसानों को खाद वितरण में पारदर्शिता बरतने और शासन के नियमों का पालन न करने वाले विक्रेताओं पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कृषि उपसंचालक रविकांत सिंह ने आदेश जारी करते हुए जिले के 6 उर्वरक व्यापारियों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। इसके साथ ही 5 अन्य प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

कृषि विभाग के अनुसार, 1 अप्रैल 2026 से जिले के सभी विक्रेताओं को 'ई-विकास पोर्टल' के माध्यम से ही उर्वरक बेचने के कड़े निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद, कई दुकानदारों ने केवल पीओएस मशीन का उपयोग किया और ई-विकास पोर्टल पर प्रविष्टि दर्ज नहीं की। वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त सूची में इन विक्रेताओं द्वारा शासन के निर्देशों की अवहेलना और वितरण में अनियमितता पाई गई।

**शासन के नियमों का पालन न करने वाले विक्रेताओं पर उपसंचालक रविकांत सिंह ने आदेश जारी करते हुए जिले के 6 उर्वरक व्यापारियों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिये हैं।**




### इन पर गिरी गाज, लाइसेंस किए निलंबित

विभाग ने जिन 6 प्रमुख फर्मों के लाइसेंस सस्पेंड किए है, जिनमें मेसर्स साहू फर्टिलाइजर्स, इटारसी, मेसर्स पार्थ एग्रो एजेंसी, पिपरिया, मेसर्स पीतांबरा ट्रेडर्स, पिपरिया, मेसर्स आदर्श ट्रेड्स, गजनई सोहागपुर, मेसर्स पायल खाद भंडार, सिवनी मालवा, मेसर्स गिरिराज कृषि सेवा केंद्र, बनखेड़ी शामिल हैं।

### प्रशासन की स्पष्ट चेतावनी

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को यूरिया या अन्य खाद निर्धारित मात्रा से अधिक बेचने या बिना पोर्टल एंट्री के विक्रय करने पर आगे भी ऐसी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग का मुख्य उद्देश्य उर्वरक वितरण की कालाबाजारी रोकना और ई-टोकन व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। कृषि उपसंचालक रविकांत सिंह ने कहा है कि ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली की अनदेखी और उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 35 के उल्लंघन के चलते यह कदम उठाया गया है। निलंबन अवधि के दौरान ये फर्में खाद की खरीद-बिक्री नहीं कर सकेंगी। सथी ही उन्होंने कहा कि उपसंचालक कृषि ने बताया कि ई-टोकन प्रणाली लागू होने से किसानों को लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी और खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा। विभाग द्वारा लगातार विक्रेताओं की निगरानी की जा रही है ताकि जिले के किसी भी किसान को खाद प्राप्त करने में असुविधा न हो।

### इन्हें मिला 'कारण बताओ' नोटिस

अनियमितताओं के चलते 5 अन्य व्यापारियों को भी नोटिस जारी किया गया है। साथ ही निलंबित फर्मों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है जिनमें एग्रो सर्विस सेंटर, पिपरिया, आईएफएफडीसी, डोलरिया कृषि बाजार, सेमरी हरचंद, विनायक फर्टिलाइजर्स, इटारसी, स्वास्तिक एग्रो, इटारसी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### लापरवाही ने ली मां की जान, बेटे पर मामला दर्ज

**इटारसी।** फोरलेन रैसलपुर के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने उनके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 11 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे ग्राम निटाया पटेल मोहल्ला निवासी यशवंत सराठे अपनी मां अनीता सराठे 46 वर्ष को बाइक पर बैठाकर ले जा रहा था। रैसलपुर के पास सामने अचानक गाय आने पर यशवंत ने तेज रफ्तार बाइक पर अचानक ब्रेक मार दिया, जिससे पीछे बैठी उसकी मां सड़क पर गिर गईं। गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मामले की जांच के बाद, सोमवार शाम इटारसी थाना पुलिस ने उप निरीक्षक श्रद्धा राजपूत की रिपोर्ट पर आरोपी बेटे यशवंत सराठे के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पिकअप ने खड़ी कार को मारी टक्कर

**इटारसी।** पुरानी इटारसी के मुख्य मार्ग पर एसबीआई बैंक के सामने एक तेज रफ्तार पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए खड़ी कार को टक्कर मार दी। घटना सोमवार शाम करीब 7 बजे की है। सीपीई पुरानी इटारसी निवासी सुभाष चंद्र 43 वर्ष ने पुलिस को बताया कि उनकी स्विफ्ट डिजायर कार बैंक के सामने खड़ी थी, तभी पिकअप क्रमांक एमपी 05 जेडएफ 4463 के चालक ने तेजी से आकर टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार का अगला बम्पर और दाहिना हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। फरियादी की शिकायत पर इटारसी पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तवानगर में महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**इटारसी।** तवानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बटकुई में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम बटकुई निवासी रामबाई मसकोले 48 वर्ष के साथ उनके घर के सामने ही गांव के राजू उर्फ राजकुमार उइके ने अभद्रता की। घटना 5 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की है, जब आरोपी ने महिला को गालियां दीं और थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की। साथ ही आरोपी ने उन्हें जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर तवानगर पुलिस ने आरोपी राजू के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### अक्षय तृतीया पर गूंजेंगे वैदिक मंत्र

**नर्मदापुरम ।** आधुनिकता के दौर में अपनी जड़ों को सींचने के उद्देश्य से आगामी 20 अप्रैल 2026 को मालाखेड़ी में एक गौरवमयी आध्यात्मिक उत्सव होने जा रहा है। 'अक्षय तृतीया के मंगलकारी अवसर पर बटुकों के लिए विशाल सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन किया गया है। आध्यात्मिक चेतना का जागरण प्रसिद्ध विद्वान आचार्य पं. हरिओम मिश्रा के निर्देशन में यह अनुष्ठान संपन्न होगा।

## दिव्यांग के गले में लगी नुकीली चीज, अस्पताल में भर्ती, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यू यार्ड के बकरी मोहल्ला क्षेत्र में बीती रात करीब 1:30 बजे एक व्यक्ति रहस्यमय ढंग से घायल हो गया। घायल की पहचान बाबा पाईराव 47 वर्ष, पिता दत्ता पाईराव के रूप में हुई है। बाबा पैरों से दिव्यांग हैं और उनके गले पर किसी नुकीली चीज से गहरा वार हुआ है।

घायल के भतीज आकाश 28 वर्ष ने बताया कि वह इलेक्ट्रिक लोको शेड में ठेकेदारी पर काम करता है। रात में जब वह ड्यूटी पर था, तभी घर से उसे अनहोनी की सूचना मिली। आकाश तुरंत काम छोड़कर घर की ओर भागा। रास्ते में ही उसे उसके चाचा मिले, जिनके गले से अत्यधिक खून बह रहा था।

प्राथमिक उपचार के बाद, चोट की गंभीरता को देखते हुए उन्हें तत्काल दयाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, गले में किसी नुकीली चीज के लगने से गहरा जख्म हुआ है, फिलहाल उनका



उपचार जारी है।

रात के अंधेरे में हुई इस वारदात ने पुलिस को भी उलझा दिया है। पुलिस के अनुसार, मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच की जा रही है। घटना के समय और परिस्थितियों को देखते हुए यह मामला पूरी तरह संदिग्ध और रहस्यमयी बना हुआ है। घायल बाबा फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस का मानना है कि उनके होश में आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह किसी आपसी रंजिश में किया गया हमला है या इसके पीछे कोई और कारण है।

### गेहूं उपार्जन के लिए केन्द्र निर्धारित

**नर्मदापुरम।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, म.प्र. शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित एसओपी अनुसार रबी विपणन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी निर्देशानुसार 10 अप्रैल, 2026 से 5 मई, तक जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य संपादित किया जाना है। तत्संबंध में कलेक्टर द्वारा कुल 145 गेहूं उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

## पुलिस की साइबर अपराधियों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तैयारी, एसपी ने ली 8 घंटे मैराथन बैठकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और ठगी के शिकार हुए नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए नर्मदापुरम पुलिस अब हाई-टेक मोड में आ गई है। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें जिले भर के थाना प्रभारियों की क्लास ली गई।

### 7-8 घंटे चली मैराथन समीक्षा

यह बैठक सामान्य चर्चा तक सीमित नहीं रही, बल्कि लगभग 7 से 8 घंटे तक चली इस मैराथन मीटिंग में जिले के सभी थाना प्रभारियों ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों में दर्ज साइबर अपराधों का ब्यौरा पेश किया। एसपी ने लंबित मामलों और अब तक



हुई कार्यवाही की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि साइबर अपराधों में विवेचना की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोपियों को समय-सीमा के भीतर ट्रैक कर उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर दूसरे राज्यों में भेजने के निर्देश दिए। बैंकों और अन्य जांच एजेंसियों के साथ रियल-टाइम कोऑर्डिनेशन स्थापित करने पर जोर दिया गया।

### गेहूं उपार्जन के सुचारू क्रियान्वयन दल बना

**नर्मदापुरम।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, म.प्र. शासन द्वारा दिए निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए सुचारू क्रियान्वयन के लिए एफसीआई पर प्राथमिकता से गेहूं का भंडारण किया जाना है। तत्संबंध में कलेक्टर ोनिया मीना द्वारा इटारसी में इस कार्य के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी निलेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक दल गठित किया है, जिसमें कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी इटारसी खाद्य विभाग जुबेर काजी आदि का दल गठित किया है।

## लेखराम साहू दुर्घटना मामला, सप्ताह भर बाद पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पथरोटा रोड पर शेर-ए-पंजाब ढाबे के पास हुई सड़क दुर्घटना के मामले में इटारसी पुलिस ने जांच के बाद अब अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। 31 मार्च की रात हुई इस दुर्घटना में एनटीपीसी पथरोटा निवासी लेखराम साहू की जान चली गई थी।

### चालक की लापरवाही आई सामने

पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि राजस्थान पासिंग ट्रक क्रमांक आरजे 32 एई 0293 के चालक ने वाहन को सड़क पर बेहद असुरक्षित तरीके से खड़ा किया था। घटना की रात सड़क पर अंधेरा था और ट्रक में न तो कोई रेडियम रिफ्लेक्टर लगे थे और न ही पार्किंग लाइट या वॉर्निंग ट्रायंगल का उपयोग किया गया था। इसी लापरवाही के कारण मृतक लेखराम साहू अंधेरे में खड़े ट्रक को नहीं देख पाए और टकराने से उनकी मौत हो गई।

घटना के करीब एक सप्ताह बाद, सोमवार शाम को पुलिस ने उप निरीक्षक श्रद्धा राजपूत की रिपोर्ट पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मृतक के परिजनों में न्याय की आस

31 मार्च की रात करीब 11:30 बजे हुई इस दुखद घटना के बाद से ही क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध और असुरक्षित तरीके से खड़े होने वाले भारी वाहनों को लेकर रोष था। पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद परिजनों को न्याय की उम्मीद जगी है। पुलिस अब राजस्थान नंबर के आधार पर चालक की तलाश में जुट गई है।

## इटारसी नगर पालिका परिषद का साधारण सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका परिषद इटारसी का साधारण व्यापक सम्मेलन मंगलवार को परिषद के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे की अध्यक्षता में करीब ढाई घंटे तक चले इस सम्मेलन में शहर के विकास, स्वच्छता और जलप्रदाय से जुड़े 25 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों को बख्शा नहीं जाएगा, यही कारण है कि अधूरी परियोजनाओं के ठेके निरस्त कर नए सिरे से कार्य पूर्ण कराए जा रहे हैं। चौरे ने कहा कि परिषद के सम्मेलन में 25 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिनमें पेयजल पाइपलाइन, एलईडी लाइट और बुनियादी विकास कार्य शामिल हैं।

उन्होंने सूरजगंज योजना के डीनोटिफिकेशन को जरूरी बताते हुए कहा कि वहां बने 115 से अधिक मकानों को हटाना संभव नहीं है, इसलिए यह निर्णय नागरिकों के हित में है। शहर की व्यवस्थाओं पर प्रतिदिन लगभग 3 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। पुरानी पाइपलाइन सुधार में कठिनाई आती है। काम में देरी रोकने के लिए अब वार्षिक टेंडर प्रणाली लागू की जाएगी।

## युकां का वार्ड-वार्ड चलो अभियान राजनीतिक नौटंकी, सक्रिय पार्षदों को किया जा रहा बदनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने युवा कांग्रेस द्वारा इन दिनों शहर में चलाए जा रहे वार्ड-वार्ड चलो अभियान को राजनीतिक नौटंकी बताया है।

पार्षद बाबरिया ने कहा कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वार्डों में जाकर जनसमस्याओं को जानने का ढोंग किया जा रहा है और वार्डों और अपने क्षेत्र में जनसमस्याओं के लिए सक्रिय वार्ड पार्षदों को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस इस अभियान के दौरान कथित रूप से वार्ड निवासियों से प्रायोजित तरीके से समस्याएं पूछकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर बायरल कर वाहवाही बटोरने की कोशिश कर रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले दिनों उनके वार्ड में एक महिला द्वारा स्ट्रीट लाइट न जलने और सफाई न किए जाने की शिकायत का वीडियो डाला गया था जबकि वास्तविकता यह है कि शिकायत मिलते ही स्ट्रीट लाइट दुरूस्त कर दी जाती है। वार्ड रोशनी से जगमगा रहा है। 90 प्रतिशत बिजली पोलो पर एलएडी लगी हुई है। वार्ड की सभी स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से ठीक हैं।

### चुनाव आते ही होते हैं सक्रिय

जहां तक सफाई का सवाल है तो प्रतिदिन तीन स्वच्छता दूत नियमित रूप से सफाई कर रहे हैं। साथ ही जिन गलियों में कचरा गाड़ी नहीं जा पाती है उनमें स्वच्छता दूत कचरा भी कलेक्ट करते हैं। उन्होंने युवक कांग्रेस के अभियान को फर्जी बताते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही अभी तक गायब रहने वाले लोग सक्रिय हो गए हैं। लेकिन वार्ड की जनता असलियत जानती है इसलिए उन्हें वार्ड के निवासियों का समर्थन नहीं मिल पा रहा है। वार्ड की जनता नकली चेहरों को पहचानती है वह उनके बहकावे में नहीं आयेगी।

## दिया ज्ञापन : वन अधिकारी पर आदिवासी उत्पीड़न का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में वन विभाग के एक अधिकारी द्वारा आदिवासी ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित आदिवासी समाज और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक और डीएफओ के समक्ष मोर्चा खोल दिया है।

ग्राम सभा में बाकायदा निंदा प्रस्ताव पारित कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने और उन्हें निलंबित करने की मांग की गई है।प्रताड़ना के विरुद्ध उठी सामूहिक आवाजमामला पीड़ित आदिवासी रामचरण चौहान और डोरिलाल लवीसकर से जुड़ा है, जिन्होंने वन अधिकारी पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने संवैधानिक शक्ति का प्रयोग करते हुए ग्राम सभा बुलाई और अधिकारी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही का प्रस्ताव पारित किया। पुलिस अधीक्षक और डीएफओ को ज्ञापन सौंपा। पीड़ितों के साथ पहुंचे भारी जनसमूह ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर मांग की है कि आदिवासी उत्पीड़न के मामले में संबंधित अधिकारी पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। वहीं, डीएफओ कार्यालय में दिए गए।

### मप्र विधानसभा में गारिमामयी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## विमोचन: मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया मिलिंद रोंघे की पुस्तक विधायिका और मीडिया का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार को मध्य प्रदेश विधानसभा में एक गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा इटारसी के वरिष्ठ लेखक एवं समाजसेवी मिलिंद रोंघे की नवीन पुस्तक विधायिका और मीडिया का विमोचन किया गया। यह पुस्तक संसदीय कार्यप्रणाली और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के अंतर्संबंधों पर आधारित लेखों का एक महत्वपूर्ण संग्रह है।

### उद्बोधन और शुभकामनाएं

विमोचन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने लेखक मिलिंद रोंघे को बधाई देते हुए कहा




कि संसदीय प्रक्रियाओं को जन-सामान्य तक पहुँचाने में साहित्य और मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यह पुस्तक न केवल शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, बल्कि इससे विधायी कार्यों की बारीकियों को समझने में भी मदद मिलेगी। रोंघे जी का यह प्रयास सराहनीय है। वहीं, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम-इटारसी के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने रोंघे के लेखन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मिलिंद रोंघे ने हमेशा ही गंभीर और ज्वलंत विषयों पर अपनी लेखनी चलाई है। 'विधायिका और मीडिया' का विमोचन इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्रीय स्तर पर भी बौद्धिक विमर्श को नई ऊंचाइयां दी जा रही हैं। मेरी ओर से उन्हें उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएँ।

पुस्तक के संबंध में लेखक मिलिंद रोंघे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुस्तक विधानसभा द्वारा प्रकाशित होने वाली प्रतिष्ठित त्रैमासिक शोध पत्रिका 'विधायिनी' में समय-समय पर प्रकाशित उनके लेखों का एक संकलन है। इसमें विभिन्न संसदीय विषयों, विधायी प्रक्रियाओं और मीडिया के साथ उनके तालमेल पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

इस अवसर पर राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे, जिसमें विधायक अरुण भीमावत, प्रमुख सचिव विधानसभा अरविंद शर्मा, भाजपा नेता पीयूष शर्मा, जनपद पंचायत नर्मदापुरम अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी जगदीश मालवीय, नगर मंडल अध्यक्ष इटारसी राहुल चौरे, शिरिष कोठारी, अधिवक्ता विनोद चौहान, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, आदित्य रिछारिया और गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। यह विमोचन कार्यक्रम न केवल इटारसी बल्कि प्रदेश के बौद्धिक जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए पुस्तक की सफलता की कामना की।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh. Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

**खबर संक्षेप**



## खेत से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** आमला पुलिस ने खेत से पानी की मोटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.20 लाख का मशरूका बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 अप्रैल की रात्रि लगभग 11.30 बजे से 12.30 बजे के मध्य फरियादी सुदामा सिंह पिता मनोहर सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम खरपड़ाखेड़ी के खेत (ग्राम सेमरियाजोशी) में बने टीनशेड कमरे का अज्ञात आरोपी द्वारा ताला तोडक़र अंदर रखी ओपल व्हील पानी की मोटर (कीमत 25,000) चोरी कर ली गई थी। उक्त घटना की रिपोर्ट पर थाना आमला में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आमला पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अमित पिता पंचम मालवीय, (35) निवासी वार्ड नं. 31 शोभापुर मैगजीन कॉलोनी एवं राजेन्द्र सिंह पिता सूपसिंह रघुवंशी (21) निवासी वार्ड नं. 31 शोभापुर मैगजीन कॉलोनी, पाथाखेड़ा थाना सारणी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक गोल्डन रंग की टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी कीमत 90,000 एवं एक ओपल व्हील मोटर कीमत 25,000 तथा चोरी में प्रयुक्त औजार कुल 1,20,000 का माल बरामद किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक रविकांत डेहरिया, सउनि रामेश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक नीलेश सोनी, प्रधान आरक्षक कमलेश धुर्वे, आरक्षक तिलक कोड़ापे, आरक्षक विवेक पाल एवं आरक्षक नागेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### कार्यालय पहुंचकर सौंपा आवेदन, प्रशासन ने उच्च स्तर से मांगा मार्गदर्शन

# हाई कोर्ट के फैसले के बाद नीतू परमार पहुंची नगर पालिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगर पालिका अध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस की नीतू परमार और भाजपा की वर्षा गड़ेकर के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद पर आखिरकार विराम लग गया है। हाईकोर्ट ने नीतू परमार के पक्ष में निर्णय देते हुए उन्हें अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस फैसले के बाद मुलताई की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार कांग्रेस पदाधिकारियों एवं समर्थकों के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने अध्यक्ष पद का प्रभार लेने की प्रक्रिया शुरू करते हुए प्रशासन को आवश्यक दस्तावेज सौंपे। कार्यालय पहुंचने पर नीतू परमार ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी को न्यायालय के आदेश की प्रति सौंपी। साथ ही उन्होंने औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष पद का प्रभार सौंपने की मांग की। परमार ने कहा कि न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार उन्हें तत्काल पदभार दिया जाना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस पार्षद अंजलि शिवहरे, वंदना साहू, शिव माहोरे सहित वरिष्ठ नेता किशोर सिंह परिहार, अरुण यादव, लोकेश यादव एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित शिवहरे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए नीतू परमार के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

### प्रशासन ने मांगा उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि उन्हें न्यायालय का आदेश और आवेदन प्राप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा गया है तथा निर्देश प्राप्त होने के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### हाई कोर्ट ने नीतू परमार को वैध अध्यक्ष माना

मुलताई मध्य प्रदेश के बैतूल जिले की मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष पद को लेकर पिछले लगभग तीन वर्षों से चल रहा कानूनी विवाद अब समाप्त हो गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में नीतू परमार के निर्वाचन को वैध ठहराते हुए उन्हें पुनः अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने की अनुमति दे दी है।

### क्या था पूरा विवाद

नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर नीतू परमार और वर्षा गढ़ेकर के बीच विवाद शुरू हुआ था। चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देते हुए मामला पहले स्थानीय न्यायालय पहुंचा, जहां से हाई कोर्ट और अंततः सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा न्यायालयों के प्रमुख आदेश (टाइमलाइन)

13 जून 2023 - स्थानीय न्यायालय का फैसला
स्थानीय अदालत ने नीतू परमार का चुनाव निरस्त करते हुए पुनः चुनाव कराने के निर्देश दिए।

20 जून 2023 -प्रशासनिक निर्णय
राज्य शासन ने अंतरिम व्यवस्था के तहत वर्षा गढ़ेकर को अध्यक्ष नियुक्त किया।

15 जुलाई 2023 - हाई कोर्ट से राहत
हाई कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाकर नीतू परमार को पुनः पद पर बहाल कर दिया।

4 अक्टूबर 2023 - याचिका खारिज
हाई कोर्ट ने नीतू परमार की याचिका खारिज कर दी, जिससे मामला फिर पलट गया।

15 दिसंबर 2023 - सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप
सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के स्टे आदेश को निरस्त कर दिया।

5 फरवरी 2024 - संयुक्त सुनवाई
सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की याचिकाओं को एक साथ सुनने का निर्णय लिया।

2024 -समयसीमा तय
सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट को तीन माह के भीतर अंतिम निर्णय देने के निर्देश दिए।

6 अप्रैल 2026 - अंतिम फैसला
हाई कोर्ट ने जिला अदालत के आदेश को निरस्त करते हुए नीतू परमार के चुनाव को वैध घोषित कर दिया।

इस पूरे प्रकरण में अब तक करीब 8 प्रमुख न्यायिक एवं प्रशासनिक आदेश पारित हुए, जिनमें विभिन्न स्तरों पर निर्णय बदलते रहे।

अंतिम निष्कर्ष
(1) नीतू परमार का चुनाव पूरी तरह वैध घोषित
(2) जिला न्यायालय का आदेश निरस्त
(3) लंबा कानूनी विवाद समाप्त
(4) मुलताई नगर पालिका को स्थायी नेतृत्व मिला

### निर्णय सत्य की जीत है...

मैं पहले भी सत्य के साथ थी और आज भी हूं। न्यायालय का यह निर्णय सत्य की जीत है। अब मेरी पहली प्राथमिकता नगर के विकास कार्यों को गति देना होगी। **- नीतू परमार**

मैं न्यायालय के फैसले का स्वागत करती हूं और जहां तक इस फैसले के खिलाफ पुनः न्यायालय में जाने का सवाल है। भाजपा संगठन का जो भी आदेश होगा वैसा निर्णय लिया जाएगा। **- वर्षा गडेकर** अध्यक्ष नगर पालिका मुलताई

### कुएं से खरपतवार और शैवाल निकाली

## छोटा मठारदेव पंप हाउस के सार्वजनिक कुएं की सफाई




**सारनी।** नगरपालिका परिषद सारनी ने जल गंगा अभियान के तहत मंगलवार 7 अप्रैल को नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा वार्ड 10 स्थित छोटा मठारदेव पंप हाउस के सार्वजनिक कुएं की श्रमदान के माध्यम से सफाई की। कुएं से खरपतवार एवं शैवाल निकाली गई। नगर पालिका द्वारा जल गंगा अभियान के तहत सार्वजनिक जलस्त्रोतों की सफाई का अभियान सतत जारी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं आम नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। मंगलवार 7 अप्रैल को वार्ड 10 स्थित कुएं की सफाई कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद शिवकली बबलू नरें, भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, नोडल अधिकारी रविंद्र वराठे, सहायक नोडल अधिकारी कमलेश पटेल, प्रभारी गुरूस्वामी एरूलू के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त कुएं से खरतवार, शैवाल निकाली गई। सफाई के बाद ब्लीचिंग पाउडर डालकर ग्रीन नेट से कुएं को ढांका गया। उक्त अभियान सतत जारी रहेगा।

## श्रीराम कथा में भगवान की लीलाओं का किया वर्णन



**शाहपुर।** श्रीराम कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीराम के बाल चरित्र की कथाओं का श्रवण किया गया। भक्तों को वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक पंडित श्रीराम मुदगल शास्त्री ने अपने मुखार बिंद से कथा सुनाई। श्रीराम के भजनों का भक्तों ने श्रवण कर, नृत्य भी किया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम का विवाह धूमधाम से पटाखे फोडक़र, आरती उतारकर किया गया। नगर के नन्हे-नन्हे बच्चों के द्वारा सुंदर झांकी भी बनाई गई। जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी, माता उर्मिला, भरत और भगवान शत्रुघ्न का रूप धारण कर बच्चे कथा स्थल पहुंचे। बधाई के भजनों पर नृत्य करते हुए सभी भक्तों द्वारा एक-दूसरे को राम भगवान के विवाह की बधाइयां दी गई। नगर के युवा पीढ़ी के द्वारा गौ रक्षा, गौ सेवा, गौ सम्मान के आह्वान का संदेश कथा में उपस्थित होकर पंडित श्रीराम मुदगल शास्त्री के द्वारा दिया गया।

# वार्ड एवं पंचायत कमेटी कांग्रेस का सशक्त आधार बनेगी: निलय डागा

### संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल विधानसभा में कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों और मंडलम अध्यक्षों की बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने साफ कहा कि आने वाले समय में पार्टी की असली ताकत वार्ड और पंचायत कमेटियां होंगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी पत्र सौंपते हुए उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और संगठन को गांव-गांव तक मजबूती देने का आह्वान किया। बैठक में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों और मंडलम अध्यक्षों का सम्मान किया गया और उन्हें औपचारिक रूप से जिम्मेदारी पत्र सौंपे गए। इस दौरान श्री डागा ने कहा कि संगठन में पद केवल पहचान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाना होगा और संगठन को मजबूत बनाना होगा।

### जमीनी ढांचे को मजबूत करने की रणनीति

श्री डागा ने बैठक में वार्ड कमेटी और पंचायत कमेटियों के गठन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि यही इकाइयां कांग्रेस का वास्तविक आधार बनेंगी और इन्हीं के जरिए पार्टी जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करेगी। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द इन कमेटियों का गठन कर उन्हें सक्रिय किया जाए, ताकि संगठन हर स्तर पर मजबूत हो सके।

### 9 अप्रैल को धरना प्रदर्शन का आह्वान

बैठक में किसानों के मुद्दे पर भी कांग्रेस ने अपनी रणनीति स्पष्ट की। निलय डागा ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से 9 अप्रैल को किसानों के समर्थन में होने वाले धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान करते कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है और इस आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन दिलाना जरूरी है। बैठक में आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय संयोजक अर्चना पोरते, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता योगेश साहू, संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार चौबे, मनोज कालू आहूजा, सत्यप्रकाश लल्ला पटेल रावत, पूर्व अध्यक्ष मोनू बडोनिया, प्रशांत राजपूत, प्रभारी लवलेश बब्बा राठौर, सुभाष पांडे सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## शराब दुकानों की नीलामी फेल आबकारी अधिकारी निलंबित

**बैतूल।** शराब दुकानों के निष्पादन में लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई की गई है। आबकारी आयुक्त ग्वालियर दीपक कुमार सक्सेना ने जिला आबकारी अधिकारी अंशुमन चिढ़ार को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों की टेंडर प्रक्रिया में अपेक्षित परिणाम न मिलने और शासन के राजस्व हित प्रभावित होने के कारण की गई है। जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 61 शराब दुकानें हैं, जिनमें से 8 दुकानें अब तक नीलाम नहीं हो सकी हैं। इनमें बैतूल बाजार की दो दुकानें, बैतूल गंज, आमला बस स्टैंड, भैंसदेही की दो दुकानें, सारणी नंबर-1 और बगडोना शामिल हैं। इन दुकानों की कीमत अत्यधिक होने के कारण ठेकेदारों ने इनमें रुचि नहीं दिखाई। बताया जा रहा है कि पहले दुकानों की नीलामी समूह बनाकर की गई थी, लेकिन समूह निर्धारण में गड़बड़ी सामने आई। कई दुकानों को 30-30 किलोमीटर दूर तक जोडक़र समूह बनाए गए थे, जिससे ठेकेदारों के लिए उनका संचालन व्यावहारिक नहीं रहा। बाद में समूह तोडऩे पर छोटी दुकानें तो नीलाम हो गईं, लेकिन महंगी दुकानें अब भी खाली पड़ी हैं।

## चलती ट्रेन में चढ़ते समय यात्री का पैर कटा



**बैतूल।** मुलताई में कुन्नूर सिटी-जयपुर एक्सप्रेस (19714) में यात्रा कर रहे एक यात्री का पैर ट्रेन में चढ़ते समय कट गया। यह हादसा तब हुआ जब दोपहर डेढ़ बजे यात्री पानी लेने के लिए नीचे उतरा था और चलती ट्रेन में वापस चढऩे का प्रयास कर रहा था। घायल यात्री की पहचान वसीम खान (40) के रूप में हुई है, जो अचलपुर, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) के निवासी हैं। आरपीएफ के प्रधान आरक्षक वाय एस चंदेल ने बताया कि वसीम खान अपनी पत्नी साबिरा बानो (35) के साथ चांदूरबाजार से शुजालपुर जा रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन एक स्टेशन पर रुकी, जहां वसीम खान पीने का पानी लेने के लिए नीचे उतर गए। ट्रेन के चलने पर उन्होंने जल्दबाजी में वापस चढऩे का प्रयास किया। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे संतुलन खो बैठे। ट्रेन की चपेट में आने से उनका एक पैर कट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना होते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल रेलवे स्टाफ को सूचना दी, जिसके बाद घायल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### विशाल पंडाल और श्रद्धालुओं हेतु रहेगी विशेष व्यवस्थाएं

# राज्य अतिथि के रूप में बैतूल पहुंचेंगे सुधांशु महाराज, सत्संग को लेकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

पुलिस परेड ग्राउंड में 9 से 12 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विराट भक्ति सत्संग को लेकर शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। परमपूज्य सुधांशुजी महाराज 9 अप्रैल को राज्य अतिथि के रूप में शहर में पधारेंगे। पुलिस ग्राउंड में होने वाले इस आयोजन हेतु व्यापक तैयारियां की गई हैं। हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में प्रवचन, संवाद और 12 अप्रैल को निशुल्क गुरु दीक्षा का आयोजन भी होगा। मंगलवार 7 अप्रैल को आयोजन स्थल पर पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के डॉ विनय सिंह चौहान ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि यह आयोजन जिले का एक बड़ा आध्यात्मिक समागम बनने जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। डॉ. विनय चौहान ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी देते बताया कि परमपूज्य सुधांशु महाराज का आगमन 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे होगा। उसी दिन शाम 4:30 बजे से सत्संग का विधिवत शुभारंभ होगा। तीन दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में भक्ति, प्रवचन और आध्यात्मिक चिंतन का संगम देखने को मिलेगा।



### निशुल्क गुरु दीक्षा का विशेष अवसर

कार्यक्रम में सबसे महत्वपूर्ण 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे आयोजित होने वाली निशुल्क गुरु दीक्षा होगी। आयोजन समिति के अनुसार, यह अवसर श्रद्धालुओं हेतु आध्यात्मिक जीवन की नई शुरुआत का मार्ग खोलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग दीक्षा लेने पहुंचेंगे।

### हर दिन दो सत्रों में होंगे प्रवचन..

10 से 12 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 9 से 11.30 बजे और शाम 4.30 से 7.00 बजे तक सत्संग व प्रवचन होगे। इन सत्रों में जीवन, धर्म और नैतिक मूल्यों पर गहन मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे श्रद्धालु अपने जीवन को नई दिशा दे सकेंगे।

### बच्चों के लिए रहेगा विशेष संवाद सत्र

10 अप्रैल को सुबह एक विशेष सत्र रखा गया है, जिसमें आठवीं कक्षा से ऊपर के स्कूली बच्चों को आमंत्रित किया गया है। इस सत्र में महाराज बच्चों से सीधे संवाद करेंगे, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे और उन्हें सही मार्गदर्शन देगे। यह सत्र शिक्षा और संस्कार दोनों के लिहाज से खास माना जा रहा है।

### विशाल पंडाल और विशेष बैठने की व्यवस्था

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सत्संग हेतु 100 &250 फीट का विशाल पंडाल तैयार किया है। इसमें बुजुर्गों और महिलाओं के लिए अलग से बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि सभी श्रद्धालु सहज और व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम का लाभ उठा सकें।

### ठहरने-भोजन की रहेगी व्यवस्था

दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। विश्वकर्मा मंदिर गंज में उनके ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई है, जिससे किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो और वे पूरी तरह भक्ति में लीन रह सकें।

## केंद्रीय विद्यालय सारनी में फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी व विश्व स्वास्थ्य दिवस का सफल आयोजन



**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में कक्षा-3 के विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान के आकलन के लिए फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी का आयोजन 6 एवं 7 अप्रैल को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस सर्वेक्षण में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को फील्ड इन्वेस्टिगेटर माया वर्ती द्वारा वरिष्ठ शिक्षक अतर सिंह मीणा एवं प्रदीप के मार्गदर्शन में सम्पन्न कराया गया। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का आकलन कर शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना है। इसी क्रम में विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कक्षा पाँच के विद्यार्थियों ने भाषण एवं कविता के माध्यम से स्वास्थ्य के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, वहीं कक्षा चार के विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इसके अलावा स्वस्थ खाओ, स्वस्थ रहो विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की नर्स ने भी विद्यार्थियों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वस्थ दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी। पूरा कार्यक्रम प्रेरणादायी एवं सफल रहा, जिसने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक करने का संदेश दिया।

### जनवरी 2026 से मार्च तक बरामद किए 100 मोबाइल

# टेक्नोलॉजी और टीमवर्क का शानदार परिणाम

## पुलिस ने 635 मोबाइल किए बरामद, 80 लाख के वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

साइबर सेल एवं जिले के थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गुम हुए 635 मोबाइल फोन को बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। इस दौरान पुलिस ने करीब 80 लाख के मोबाइल फोन वापस किये है। दरअसल पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन में पुलिस ने यह कार्रवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा गुम मोबाइल फोन की खोज एवं बरामदगी के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। पुलिस ने वर्ष 2026 जनवरी से मार्च माह तक कुल 100 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख है। इसके अतिरिक्त, 1 जनवरी 2025 से अब तक कुल 635 गुमशुदा मोबाइल फोन अनुमानित कीमत लगभग 80 लाख बरामद किए जा चुके हैं। जिनमें से 535 से अधिक मोबाइल फोन लगभग 71 लाख मूल्य सत्यापन उपरांत उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाए गये है।



**विभिन्न राज्यों एवं जिलों से ट्रैक कर प्राप्त किये मोबाइलः** पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन देश के विभिन्न राज्यों एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलो से ट्रैक कर प्राप्त किए गए हैं। जिनमें सैमसंग, वनप्लस, मोटोरोला, वीवो, ओप्पो, रेडमी एवं रियलमी कंपनियों के स्मार्टफोन शामिल हैं। इन मोबाइल फोन को छात्र-छात्राओं, मजदूरों, किसानों, गृहणियों सहित विभिन्न वर्गों के नागरिकों को सुपुर्द किया गया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी लौट आई और पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्य में साइबर सेल टीम उप निरीक्षक अश्विनी चौधरी, उप निरीक्षक नवीन सोनकर, आर. राजेंद्र धाडसे, आर. बलराम राजपूत, आर दीपेन्द्र सिंह, आर पंकज नरवरिया,आर सचिन हनवते एवं थाना बोरदेही से आर. मनोज पाल, आर. सचिन दीवान, थाना आमला से आर.जितेंद्र, थाना भैंसदेही से आर नारायण जाट, थाना झल्लार से आर. हर्षवर्धन एवं थाना आठनेर से आर.कंचन चौरे का विशेष योगदान रहा।

### मोबाइल गुम होने की तत्काल कराये शिकायत दर्ज

बैतूल पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो तत्काल नजदीकी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराएं एवं उसकी प्रति प्राप्त करें। अपने मोबाइल नंबर का सिम पुनः जारी कराएं। 24 घंटे पश्चात सीईआईआर पोर्टल पर जाकर शिकायत दर्ज करें। उक्त प्रक्रिया अपनाने से गुमशुदा मोबाइल फोन की ट्रैकिंग एवं बरामदगी में अत्यधिक सफलता मिल रही है। साइबर सेल एवं थाना पुलिस की संयुक्त टीम आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए निरंतर कार्य कर रही है।

**CHANGE OF NAME**

I, No.- 6944609Y Rank- EX L/NK, Name- **BHUVAN,** resident of Vill.- Kajali, PO.- Sohangaon, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP), Pin- 460668 have changed my son's name from **OJASHV to OJASHV NAGORE,** vide affidavit dated 07-04-2026 of 1'st Class Magistrate, Betul.

**CHANGE OF NAME**

I, No.- 6944609Y Rank- EX L/NK, Name- **BHUVAN,** resident of Vill.- Kajali, PO.- Sohangaon, Teh.- Multai, Distt.- Betul (MP), Pin- 460668 have changed my daughter's name from **DRISHTI to DRISHTI NAGORE,** vide affidavit dated 07-04-2026 of 1'st Class Magistrate Betul.

**खबर संक्षेप**

## यूथ स्टेट क्लब लीग अंडर 14 प्रतियोगिता में परदेशी मैच कमिश्नर नियुक्त



**इटारसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन एवं मध्य प्रदेश फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित अंडर 14th क्लब यूथ प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिला फुटबॉल संघ के सचिव दीपक परदेसी को मैच कमिश्नर के रूप में नियुक्त किया गया है। माह दिसंबर 2025 में अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन द्वारा राज्य स्तरीय एवं ऑल इंडिया नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिताओं को आयोजित करने वाले मैच कमिश्नर के लिए चार दिवसीय सेमिनार का आयोजन इंदौर में आयोजित किया गया था जिसमें पूरे मध्य प्रदेश से लगभग 35 खिलाड़ियों ने इस प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर के बाद उनकी परीक्षा आयोजित की गई जिसमें दीपक परदेसी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मैच कमिश्नर की परीक्षा को पास किया।

## प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 06 निर्माण कार्य के लिए 11 लाख 36 हजार 388 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### ब्लॉक के 59 'सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों' में होगा आरओ, टीवी सेट्स तथा फिसलपट्टी का वितरण

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर नौनिहाल ले सकेंगे खेल-खेल में मौज के साथ शिक्षा का लाभ

सोहागपुर ब्लॉक के सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों को टीवी सेट्स, आरओ एवं फिसल पट्टी प्रदान की जाएगी। योजना का लक्ष्य बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र तक आकर्षित करने तथा खेल-खेल में प्रारंभिक शिक्षा का लाभ देने का है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश सरकार द्वारा समूचे प्रदेश के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर ये तीनों सामग्री सतत रूप से प्रदान की जा रही हैं। जिसका लक्ष्य नौनिहालों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने का है। ताकि बच्चे कम उम्र में अपने घर से केंद्रों की ओर आने को लालयित रहें तथा स्कूल एजुकेशन के पहले वे सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पढ़ाई के लिए तैयार हो सकें। सोहागपुर प्रभारी परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी ने बताया कि पिछले दिनों जिला कार्यालय द्वारा सोहागपुर कार्यालय के आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए टीवी सेट्स, फिसल पट्टी एवं आरओ सेट्स भेजे गए हैं। यह सामग्री आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं को सौंपी जाएगी। ताकि वे अपने-अपने चिन्हित सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों पर ये सामग्री ले जा सकें एवं इंस्टॉल करवा सकें। ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों तक आने वाले बच्चों को शासन की इस बहुआयामी योजना का लाभ मिल सके। परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी ने बताया कि शीघ्र ही ये सभी सामग्रियां सक्षम केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी।



### बिजली कनेक्शन की परेशानी

इधर महिला एवं बाल विकास विभाग सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार टीवी सेट्स तो मध्य प्रदेश शासन द्वारा सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पहुंचाऐ जा रहे हैं। लेकिन इन सक्षम केंद्रों में से भी अधिकतर में बिजली कनेक्शन नहीं हैं। जिसके चलते मैदानी रूप से लक्ष्य प्राप्त करना फिलहाल मुश्किल लग रहा है। बताया जाता है कि बिजली कंपनी को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर बिजली के कनेक्शन देने के लिए पत्र लिखे जा चुके हैं। लेकिन अभी तक कई केंद्रों पर बिजली कनेक्शंस नहीं हो सके हैं। जिसके कारण इन केंद्रों पर टीवी सेट्स तो पहुंचेंगे, लेकिन इन्हें देखकर बच्चों को मिलने वाले लाभ का लक्ष्य प्रभावित रहेगा।

### प्ले स्कूल बनाने का लक्ष्य



महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर की प्रभारी परियोजना अधिकारी रंजना गोस्वामी ने बताया कि सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र विशेष श्रेणी के केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को चिन्हित किया गया है। जिन्हें प्ले स्कूल के रूप में बदला जा रहा है। जहां टीवी सेट्स, शुद्ध पानी के लिए आरओ, फिसल पट्टी, झूले व अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके पूर्व छोटी-छोटी कुर्सियां भी बच्चों के लिए पहुंचाई गई हैं। खेल सामग्री भी इन सभी सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचाई गई है। ताकि यहां बच्चे प्ले स्कूल पैटर्न के आधार पर खेल व शिक्षा के साथ सबक प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि सोहागपुर ब्लॉक के 208 में से 59 केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

### 59 हैं चिन्हित क्षम केंद्र

महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ब्लॉक में 208 आंगनवाड़ी केंद्र हैं। जिनमें से सक्षम आंगनवाड़ी के रूप में 59 केंद्रों का चयन किया गया है। इन 59 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों पर आरओ सेट्स, टीवी सेट्स तथा फिसल पट्टी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पहले चरण में 10 केंद्रों पर ये सामग्रियां पहुंचाई जा चुकी हैं। अब गत दिनों 49 आरओ, 49 टीवी सेट्स और 30 फिसल पट्टी जिला नर्मदापुरम कार्यालय से ब्लॉक सोहागपुर के कार्यालय को भेजे गए हैं। शीघ्र ही सामग्री का वितरण किया जाएगा।

### इनका कहना है

बिजली कंपनी कार्यालय को सक्षम केंद्रों में कनेक्शन देने के लिए पत्र लिखे हैं। शीघ्र ही बिजली कनेक्शन मिलने पर बच्चों को लाभ मिलेगा।

**रंजना गोस्वामी, प्रभारी परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर।**

## इटारसी स्टेशन पर अचेत मिला यात्री, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

### एलटीटी-प्रयागराज एक्सप्रेस में कर रहे थे यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) से प्रयागराज जा रही गाड़ी संख्या 12141 में सफर कर रहे एक 48 वर्षीय यात्री की ट्रेन में ही मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 10:53 बजे जब ट्रेन इटारसी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर पहुंची, तब यात्री को अचेत अवस्था में नीचे उतारा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सफर के दौरान बिगड़ी तबीयत

मिली जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के हंडिया थाना अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर निवासी प्रेमचंद 48 वर्ष, पिता मोहनलाल अपने भाई रामचंद्र और परिजनों के साथ लोकमान्य तिलक टर्मिनल से प्रयागराज की यात्रा कर रहे थे। वे कोच नंबर एस/2 की बर्थ नंबर 23 पर सवार थे। सफर के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे अचेत हो गए।

### रेलवे और जीआरपी की कार्रवाई

ट्रेन के इटारसी पहुंचने पर आरपीएफ एएसआई प्रकाश बिल्लौर और आरक्षक हरप्रताप सिंह परमार ने तुरंत अटेंड किया। यात्री को प्लेटफार्म पर उतारा गया, जहां रेलवे डॉक्टर शबिरा मोल ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जीआरपी इटारसी के हेड कांस्टेबल हरि सिंह ने शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू की। मृतक के साथ उनके भाई रामचंद्र, रजत वर्मा और पवन कुमार भी यात्रा कर रहे थे। अचानक हुई इस अनहोनी से परिजनों में शोक की लहर है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सुपुर्दगी की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## 10 साल की मासूम से छेड़छाड़, आरोपी फरार

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के कोठी बाजार क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर एक 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना रविवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता अपने माता-पिता के साथ सब्जी की दुकान पर बैठी थी। इसी बीच आरोपी, असलम खान, दुकान पर आया और सब्जी के भाव पूछने लगा। अचानक, आरोपी ने बच्ची को लात मारी और छेड़छाड़ कर मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद कुछ लोगों ने आरोपी को पहचान लिया। घटना के दूसरे दिन, सोमवार शाम को, पीड़िता अपने माता-पिता के साथ महिला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत और प्रत्यक्षदर्शियों की पहचान के आधार पर आरोपी असलम खान, निवासी ईदगाह, के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। महिला थाना प्रभारी हेमलता कुशवाह ने बताया कि पीड़िता की उम्र 10 साल है। उसके माता-पिता सब्जी की दुकान लगाते हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## भाजपा ने मतदान केंद्रों पर मनाया स्थापना दिवस, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने अपने निवास पर भाजपा का झंडा बुलंद करते हुए फहराया गया। विभिन्न वक्ताओं को भी प्रभारी बनाया गया। सभी ने संगठन और पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल भाजपा के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं बधाई दी गई। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज राजनैतिक दल धुरी बन चुकी है। सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली है। अंत्योदय के प्रण और राष्ट्रीय प्रथम के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इस तरह से अनेकानेक वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## नगर मंडल इटारसी कार्यालय में मना भाजपा स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर मंडल इटारसी में कार्यालय पर पार्टी का ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने पार्टी के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि किस प्रकार पार्टी दो सांसदों से आगे बढ़कर आज विशाल स्वरूप ले चुकी है। वरिष्ठ नेताओं ने अपने पुराने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलेंद्र दुबे द्वारा किया गया तथा पत्रक वाचन एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री सौरभ मेहरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता जसवीर छाबड़ा, सत्येंद्र पाल सिंह (जग्गी), रेखा मालवीय, देवेंद्र पटेल, कैलाश रैकवार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिना शासनादेशों के भी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 2 प्राचार्य कर रहे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर पालिका परिषद क्षेत्र में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लगातार 2 प्राचार्य कार्य कर रहे। अरविंद रघुवंशी को सहायक संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया था। लेकिन जांच के बाद नरेंद्र राज ने पुनः शासन से पिपरिया की मांग की तो तबादला नहीं किया गया।तो राज ने उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थगन आदेश अनुसार पिपरिया में प्रभार दिया।

लेकिन आदेश अनुसार प्राचार्य का पद संभालेंगे ऐसा कुछ नहीं है। शायद इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी सहायक संचालक के द्वारा प्रभारी प्राचार्य अरविंद रघुवंशी को आज दिनांक तक कोई आदेश नहीं दिया गया कि वह नरेंद्र राज को अपना प्रभारी प्राचार्य का पद सौंप दें। इसलिए वर्तमान में 2 प्राचार्य काम कर रहे हैं। प्राचार्य की कुर्सी पर बैठकर अपने अधिकार क्षेत्र का उपयोग कर रहे हैं।तो एक प्रभारी प्राचार्य अरविंद रघुवंशी पुराने भवनों में बैठकर अपने अधिकार क्षेत्र के प्राचार्य का दायित्व निभा रहे हैं। पुराना सत्र समाप्त हो गया है।अब देखना है। आगे क्या होगा।

इस विषय में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी ने बताया कि शासन द्वारा अरविंद रघुवंशी को हटाकर प्राचार्य का कार्य नरेंद्र राज को सौंपने के कोई आदेश जारी नहीं किए गए हैं। हालांकि नरेंद्र राज मौखिक रूप से प्रभार देने की मांग कर रहे हैं। अभी तक प्रभारी प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी ने कोई आदेश प्रभारी प्राचार्य के कार्य से मुक्त होकर नरेंद्र राज को सौंपने के जारी नहीं किए गए हैं। उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थगन आदेश दिया है।

लेकिन अभी तक शासन द्वारा कोई आदेश नहीं दिया गया है की उन्हें क्या करना है। इसलिए आकर हस्ताक्षर कर रहे हैं।यह बात सही है। पहले प्राचार्य यहां पर पदस्थ रहे हैं। उस मान से कुर्सी पर बैठकर अपने अधिकार क्षेत्र के काम कर रहे हैं। आगामी सत्र में शायद कोई आदेश जारी किए जावे उसका इंतजार कर रहे हैं।

## दिनदहाड़े लगाई जा रही नरवाई में आग



**सोहागपुर।** प्रशासन की मनाही के बाद भी नर्मदापुरम जिला क्षेत्र में गेहूं कटाई के बाद नरवाई जलाई जा रही है। अगली फसल की तैयारी के लिए दिनदहाड़े नरवाई जलाने का क्रम क्षेत्र में जारी है। प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने पर कार्रवाई की जा रही है। लेकिन इसके बाद भी जिला क्षेत्र में नरवाई जलाई जा रही है। चित्र में सोहागपुर-सेमरी के बीच खेत में जलती नरवाई की आग को मिट्टी डालकर बुझाने का प्रयास करता एक कृषक।

## गुरु अर्जुन देव व तेग बहादुर साहब का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनेगा गुरुद्वारे में होंगे कार्यक्रम

**इटारसी।** मुगल शासको से लोहा लेकर हिंदू धर्म की रक्षा में अपना बलिदान करने वाले श्री गुरु तेग बहादुर साहिब महाराज एवं श्री गुरु अर्जुन देव साहिब महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा, इटारसी में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।मंगलवार को जयस्तंभ चौक स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा में सुबह 9 बजे से 10:15 बजे तक समूह साध संगत द्वारा कीर्तन किया गया। सुबह 10:15 बजे से 11:15 बजे तक श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ हुआ, इसके पश्चात सुबह 11:30 बजे अजीत सिंह (हजूरी रागी जत्था) द्वारा गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

## रेवाबनखेड़ी रोड पर नहीं लगी स्ट्रीट लाइट, नागरिक परेशान

**सोहागपुर।** शहर से रेवाबनखेड़ी मार्ग पर रात में घना अंधेरा रहता है। क्योंकि रैड पर स्ट्रीट लाइट क व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण नागरिक परेशान होते हैं। नागरिकों ने बताया कि पिपरिया-नर्मदापुरम मार्ग से रेवा बनखेड़ी मार्ग पर काफी लंबी दूरी तक स्ट्रीट लाइट नहीं हैं। जिसके कारण आमजनों को रात्रि में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शाम के अंधेरे के बाद से मार्ग पर प्रायः सन्नाटा छा जाता है एवं लोगों में असुरक्षा की भावना बनी जाती है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब अंधेरे के कारण मार्ग के डिवाइडर से टकराकर हादसों की आशंका बढ़ जाती है। लोगों का कहना है कि कई बार दुर्घटनाएं टल चुकी हैं। लेकिन यह हमेशा नहीं हो सकता है। क्षेत्र के बाशिंदों की मांग है कि जल्द ही रेवाबनखेड़ी रोड पर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएं। ताकि जन सुरक्षा की स्थिति सुनिश्चित हो सके।


## विक्टोरियस कपः दिव्यांश के 'पंजे' से जीसीए की बड़ी जीत, कैडबरी इटारसी ने भी मारी बाजी

**नर्मदापुरम।** स्थानीय खेल मैदान पर आयोजित 'विक्टोरियस कप क्रिकेट टूर्नामेंट' में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी रहा। दिन के पहले मुकाबले में जीसीए ने प्रो स्टार इटारसी पर एकतरफा जीत दर्ज की, वहीं दूसरे मैच में कैडबरी इटारसी ने अनंत विक्टोरिया को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।मैच 1ः दिव्यांश गालर का ऑलराउंडर धमाकापहले मैच में टॉस जीतकर जीसीए के कप्तान ने गेंदबाजी का साहसिक निर्णय लिया। यह फैसला तब सही साबित हुआ जब जीसीए के गेंदबाजों ने प्रो स्टार इटारसी के बल्लेबाजों को टिकने का कोई मौका नहीं दिया। प्रो स्टार की पूरी टीम निर्धारित 15 ओवरों में मात्र 79 रनों के मामूली स्कोर पर सिमट गई।लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीसीए की टीम ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी की और मात्र 2 विकेट खोकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं दूसरे मैच में कैडबरी इटारसी ने अनंत विक्टोरिया को दी मातदोपहर के सत्र में खेले गए दूसरे मुकाबले में अनंत विक्टोरियस के कप्तान शशांक दुबे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि, कैडबरी के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने अनंत विक्टोरियस 15 ओवरों में केवल 118 रन ही जोड़ सकी। जवाब में, कैडबरी इटारसी के बल्लेबाजों ने शानदार खेल दिखाते हुए विजय लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया। पुरस्कार प्रदाताः प्रतियोगिता के संरक्षक मोहित अग्निहोत्री, रश्मि तिवारी, कोच सौरभ चौरसिया सहित अन्य वरिष्ठ खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम लिख रहा जीनियस प्लानेट स्कूल

# 17 साल पहले रोपा गया था जीनियस प्लानेट स्कूल का पौधा आज दे रहा संस्कार, कौशल और वर्तमान में जरूरी अत्याधुनिक ज्ञान की छांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




बिजनेस न्यूज

नर्मदापुरम जिले में जीनियस प्लानेट स्कूल किसी पहचान का मोहताज नहीं है। यह स्कूल विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा पावर सेंटर है जहां से विद्यार्थियों के जीवन में सफलता की राह प्रशस्त की जा रही है। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त जीनियस प्लानेट स्कूल 4 अप्रैल को अपनी स्थापना के 17 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। शहर के अभिभावकों के अटूट विश्वास और संस्थान के बच्चों के प्रति समर्पण के भाव ने जीनियस प्लानेट स्कूल को शिक्षा के क्षेत्र में वटवृक्ष बना दिया है।

### ऐसे हुआ शाला का बीजारोपण

4 अप्रैल 2009 में शहर के जाने माने माखन लाल विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के संचालक मो. जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी ने अपने 5 शिक्षकों और 65 विद्यार्थियों के साथ जीनियस प्लानेट स्कूल रुपी पौधे को इटारसी शहर में रोपित किया था।प्रथम वर्ष में मिले अभिभावकों के विश्वास ने संचालकों के मन में ऊर्जा का संचार किया जिससे स्कूल ने सफलता की बुलंदियों को छुआ।

वर्ष 2009 में 5 टीचर्स और 65 स्टूडेंट्स के साथ शुरू हुआ जीनियस का कारवां आज लगभग 60 टीचर्स, प्रिंसिपल और 1400 विद्यार्थियों के साथ आज भी जारी है

### चुनौतियों को दी मात

शाला के इस स्वर्णिम सफर के दौरान संस्था को संचालित करने में स्कूल संचालकों के सामने कई चुनौतियाँ आई। सबसे पहले चुनौती स्कूल भवन का स्वयं की भूमि पर निर्माण करना थी, इसके लिए वर्ष 2015 में न्यास कॉलोनी बायपास रोड ग्राम सोनासांवरी में लगभग 2 एकड़ भूमि में लगभग 9000 वर्गफीट पर बहुमंजिला नए भवन का निर्माण कर न्यास कॉलोनी से नए भवन में स्कूल को शिफ्ट किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के खेल के लिए बड़ा मैदान के साथ ही विभिन्न गतिविधियों के लिए पर्याप्त जगह थी।इस तरह शाला प्रबंधन ने हर चुनौती को मात देकर सफलता हासिल की।

### मिली सीबीएसई मान्यता

वर्ष 2018 में जीनियस प्लानेट स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त हुई। वर्तमान में संस्थान से कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स कई नामी विश्वविद्यालय, मैनेजमेंट संस्थान, आईआईटी, और मेडिकल फील्ड में पढ़ाई पूर्ण कर रहे हैं। विगत 3 वर्षों से लगातार दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्स में संस्थान के विद्यार्थियों का चयन हो रहा है। विगत वर्षों का सीनियर सेकंडरी का रिजल्ट बहुत अच्छा रहा है।

### नई शिक्षा नीति के तहत दे रहे शिक्षा

स्कूल संचालक मोहम्मद जाफर सिद्दकी ने बताया कि वर्तमान परिवेश और शिक्षा प्रणाली को देखते हुए नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूल स्किल के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रहा है। डिजिटल सिस्टम से विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम है जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए न केवल स्कूली शिक्षा दी जाती है बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, सांसारिक ज्ञान भी विद्यार्थियों को दिया जाता है इसके साथ ही पब्लिक स्पीकिंग के लिए भी विद्यार्थियों को मोटिवेट किया जाता है उन्हें सिखाया जाता है तभी हमारे विद्यार्थी स्कूल के होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम का संचालन करते हैं।स्कूल में कंप्युटर, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी लैब के साथ ही विशाल लाइब्रेरी है। खेल के क्षेत्र में स्कूल के विद्यार्थियों ने लगातार स्कूल का नाम रोशन किया है क्रिकेट, खो-खो, फुटबॉल, बैडमिंटन हॉकी में प्रत्येक वर्ष विध्यार्थियों ने राज्य स्तर तक चयनित होकर अपने खेल का प्रदर्शन किया है। स्कूल में विद्यार्थियों के लिए सभी खेल जिनमे क्रिकेट, फुटबॉल, स्विमिंग, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो खो, वालीबॉल, कबड्डी, शतरंज, केरम, एथलेटिक्स खेल उपलब्ध हैं।

संचालक मोहम्मद जाफर सिद्दकी ने कहा कि आने वाला समय अत्याधुनिक तकनीक का है। जिसके लिहाज से विद्यार्थियों को तैयार किया जाना हमारा लक्ष्य है। आगामी 5 सालों में हम शिक्षा में एक नया बदलाव ले आयेंगे भविष्य की आवश्यक टेक्नोलॉजी के हिसाब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ ही ब्रैंन साइंस और रोबोटिक जैसी लैब के माध्यम से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। प्रयास है हर बच्चा अपने सफलता के शीर्ष पर पहुंचे।

## बुधनीः पुस्तक मेला पहले दिन ही फीका, कई स्टॉल खाली रहने से व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ विद्यार्थियों को सस्ती दरों पर कॉपी-किताबें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा विभाग द्वारा सांदीपनि विद्यालय में चार दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। हालांकि, मेले के पहले ही दिन अव्यवस्थाएं और सीमित भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मेले का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी शशि सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य सुधा सालोमन, उप प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह जामालिया, हरदयाल सिंह आजाद सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे। पालकों और विद्यार्थियों की भी उपस्थिति रही। विभाग द्वारा करीब 10 स्टॉल लगाए गए थे, लेकिन पहले दिन केवल 4 विक्रेताओं ने ही दुकानें लगाईं, जबकि अधिकांश स्टॉल खाली पड़े रहे। इससे साफ है कि स्थानीय व्यापारियों की रुचि अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही। मेले का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है, लेकिन दोपहर बाद अधिकांश स्टॉल सूने नजर आए। इससे मेले की व्यवस्थाओं और निगरानी पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, नगर के कई स्कूलों में अभी तक नए सिलेबस की सूची विद्यार्थियों को नहीं मिल सकी है, जिससे अभिभावक और छात्र असमंजस की स्थिति में हैं और मेले का पूरा लाभ नहीं ले पा रहे हैं। हालांकि, मेले को आकर्षक बनाने के लिए गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### सुविधा समिति में दोगने पुनः सदस्य बने



**हरदा।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष द्वारा वर्ष 2026-27 की अवधि में सेवा करने के लिए सदस्य सुविधा समिति का गठन किया गया है। जिसमें हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने को पुनः सदस्य नियुक्त किया गया है। सदस्य सुविधा समिति का मुख्य उद्देश्य विधानसभा सदस्यों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा करना एवं उन्हें और बेहतर बनाने हेतु सुझाव देना है। जिससे जनता की समस्याओं का समाधान और प्रभावी ढंग से हो सके। हरदा विधायक डॉ. दोगने के सदस्य सुविधा समिति में पुनः सदस्य नियुक्त होने पर समस्त कांग्रेसजनों व नागरिकों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

### ई-ऑफिस संचालन की ट्रेनिंग दी



**हरदा।** एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परविन्दर यादव व नेटवर्क इंजीनियर सागर शर्मा ने मंगलवार को जिले की नगर पालिका परिषदों हरदा, खिरकिया, टिमरनी व सिराली में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का निर्बाध रूप से उपयोग करने में सक्षम बनाना है।

### भगवान गणेश को समर्पित किया आमंत्रण

**सीहोर।** शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आगामी 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी। प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन होगा। इसे लेकर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार का सोमवार को श्रीगणेश किया गया है। यज्ञ व्यवस्थापक और यज्ञाचार्य सहित क्षेत्रवासियों ने शहर के प्राचीन गणेश मंदिर में पहुंचकर भगवान गणेश को आमंत्रण समर्पित किया। मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक ने बताया किपंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की संपूर्ण तैयारियां चल रही है।

### सौगात: वर्षा ऋतु के पूर्व तीन हाई लेवल ब्रिज की सौगात मिलेगी

# झिरन्या-बमनाला मार्ग पर निर्माणाधीन ब्रिज, खरगोन तक यातायात सुगम होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत झिरन्या-बमनाला मार्ग पर निर्माणाधीन तीन हाई लेवल ब्रिज की वर्षा ऋतु के पूर्व सौगात मिलने वाली है। फलस्वरूप इस आदिवासी अंचल के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय तक का आवागमन सुगम होगा और दूरी भी कम (59किमी) होने से समय की भी बचत होगी। इनका कार्य मई 26 या इससे पहले पूर्ण हो जावेगा। यह जानकारी मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण खरगोन के महाप्रबंधक योगेश शर्मा ने दी है। इन कार्यों में आ रही दिक्कतों को हल करने में पूर्व कलेक्टरों सहित वर्तमान कलेक्टर भव्या मित्तल और विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों ने आवश्यक सहयोग दिया। फलस्वरूप वर्षा ऋतु में निर्बाध रूप से आवागमन शुरू हो सकेगा।



#### रोशिया-पुल का निर्माण लगभग पूर्ण

महाप्रबंधक शर्मा के अनुसार झिरन्या-सतवाड़ा के मध्य रोशिया गांव के समीप निर्माणाधीन पुल का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। उन्होंने बताया कि इसकी लागत रु.317.97लाख और लम्बाई 80 मीटर है। इसका कार्य,एजिक्स इन्फ्रा प्रा.लि.स्वायर सिहोर कर रही है। मौके पर विशाल कंस्ट्रक्शन सनावद के लोकेश भमोरिया ने बताया कि अप्रैल 26 तक शेष कार्य भी पूर्ण हो जावेंगे।

#### रात-दिन हो रहा कार्य

आपने बताया कि सतवाडा-सेल्दा के मध्य गुलिया घाट नाले पर पुल निर्माण कार्य रात-दिन किया जा रहा है। जिसकी लागत रु. 404.02 लाख और लम्बाई 90 मीटर है। इसकी दो स्लैब का कार्य जारी है और इसके बाद पहुँच मार्ग सहित अन्य कार्य किये जावेंगे। इसका कार्य, में. मुनीर एहमद पटेल सनावद द्वारा किया जा रहा है। वहीं, सेल्दा-बमनाला मार्ग की वेदा नदी पर रु. 761.02 लाख से 195 मीटर लम्बे पुल की सभी स्लैब डाली जा चुकी है। जबकि पहुंच मार्ग सहित अन्य कार्य भी शीघ्र पूर्ण किये जावेंगे। लेकिन इस मार्ग पर आमने-सामने वाहनों की क्रासिंग में काफी परेशानिया हो रही है। सहायक प्रबंधक पर्वतसिंह चौहान और संजीव भटोरे ने बताया कि उक्त पुलों की अधिक लम्बाई एवं वित्तीय-समस्या और अन्य दिक्कतों के चलते कार्य में विलम्ब हो रहा था। जिसकी समयावधि में वृद्धि की गई थी। विदित है कि शासन द्वारा तीनों ब्रिज का कार्यादेश अक्टूबर 2023 में दिया गया था। इन सभी हाई लेवल ब्रिज का निर्माण-कार्य, अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करना प्रस्तावित था। बहरहाल, इस बारिश में खरगोन तक आवाजाही को लेकर ग्रामीणजन उत्साहित हैं।

### स्वास्थ्य पर जागरुक किया

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री संजीवनी पॉली क्लिनिक, दूध डेयरी हरदा एवं वार्ड क्रं. 11 आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं. 21 में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिवस का मुख्य लक्ष्य बीमारियों की रोकथाम, संतुलित जीवनशैली और सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। दुबे ने बताया कि वर्तमान दौर में बदलती जीवनशैली के कारण बढ़ रहे मधुमेह, हृदय रोग और मानसिक तनाव जैसे मुद्दों पर भी इस वर्ष विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को नालसा व सालसा की विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं नालसा लैंगिक हमलों व अन्य अपराधों की पीड़िताओं तथा सर्वाईवर्स के लिए प्रतिकर योजना 2018, गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवा योजना 2015, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए, विधिक सेवा योजना 2024 के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, महिलाएं, बच्चे एवं पैरालीगल वॉलंटियर ज्योति तिवारी, सुनिता साहू आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

स्कूल शिक्षा विभाग की अधिकारी कर्मचारी की खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 12वीं स्कूल स्टेट एजुकेशन डिपार्टमेंट स्पोर्ट्स की जिला स्तरीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन यूनियन क्लब हरदा में किया गया। जिसमें बैडमिंटन 50 वर्ष से कम आयु महिला वर्ग में प्रथम प्रियंका पवार द्वितीय आशिता तिवारी तृतीय आरती बारेला एवं चतुर्थ स्थान पर हरजीत खनूजा रही। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम प्रेम बाई धुर्वे द्वितीय सुनीता वर्मा एवं तृतीय स्थान गुलाब बाई उईके ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 50 वर्ष से कम पुरुष वर्ग में प्रथम मोहम्मद उसामा राइन द्वितीय प्रबल पवार तृतीय निर्मल जैन चतुर्थ स्थान मकसूद खान ने प्राप्त किया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम नीरेंद्र सेवारिक द्वितीय हरिओम महागाए एवं तृतीय डी एल मात्रे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार टेबल टेनिस की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 50 वर्ष से कम महिला वर्ग में प्रथम स्थान हरजीत खनूजा द्वितीय कुमारी श्रेया महाजन एवं तृतीय स्थान कुमारी मीनाक्षी उईके ने प्राप्त किया। इसी प्रकार टेबल टेनिस की पुरुष वर्ग में 50 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम राम किशोर कुमरे द्वितीय मनीष धुर्वे ने प्राप्त किया एवं 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान राजेश बिलिया व द्वितीय स्थान जेपी प्रजापति रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट निर्णायक विनोद यादव पुरुषोत्तम राठौर आदि उपस्थित थे।

### अनुराग की दमदार पारी से 12.4 ओवर में जीती टीम

## मैत्री क्रिकेट मैच में अधिवक्ता-11 ने जज-11 को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नेहरू स्टेडियम में सोमवार शाम को जज-11 और अधिवक्ता-11 टीमों के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ हिस्सा लिया और दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मुकाबले में अधिवक्ता-11 की टीम ने जज-11 को हराकर जीत हासिल की। टीम ने 158 रनों का लक्ष्य सिर्फ 12.4 ओवर में ही पूरा कर लिया, जिससे मैच एकतरफा हो गया। टॉस जीतकर जज-11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरुआत अच्छी रही और बल्लेबाजों ने संभलकर खेलते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया।जज-11 की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 157 रन बनाए और अधिवक्ता-11 के सामने 158 रनों का लक्ष्य रखा। यह स्कोर चुनौतीपूर्ण माना जा रहा था।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अधिवक्ता-11 टीम की शुरुआत तेज रही। सचिन गौर ने सिर्फ 10 गेंदों पर 30 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। साजिद ने 25 गेंदों पर 42 रन बनाए, जबकि अनुराग गौर ने 20 गेंदों पर 48 रन की शानदार पारी खेली। दोनों की बल्लेबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। अधिवक्ता-11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12.4 ओवर में ही 158 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया और आसान जीत दर्ज की। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी, सी.जे.एम. लवकेश सिंह, ए.डी.आर. सचिव चंद्रशेखर राठौर, ए.सी.जे.एम. सचिंद्र भदकारिया, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा और सचिव शैलेंद्र जोशी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों के साथ-साथ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में सभी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार न्यायाधीश संजीव राहंगडाले को दिया गया। उन्होंने शानदार पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अधिवक्ता अनुराग गौर को मिला। उनकी शानदार बल्लेबाजी और प्रदर्शन से टीम को जीत मिली। सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का खिताब भी न्यायाधीश संजीव राहंगडाले को प्रदान किया गया, जिससे उनका प्रदर्शन और भी खास बन गया। इस आयोजन को सफल बनाने में उपाध्यक्ष संदीप स्वामी, सहसचिव अजयसिंह राजपूत और ग्रंथपाल अखिलेश भाटी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्न कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।



इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, हरदा एसडीएम अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, टिमरनी एसडीएम संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में देव कॉलोनी निवासी लक्ष्मण ने आवेदन देकर कॉलोनी में सड़क निर्माण व पानी की निकासी की मांग की, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। टिमरनी निवासी अशोक कुमार बिल्लौरे ने ग्राम पिपल्यामाफी में स्थित अपनी भूमि का नक्शा दूरस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में ग्राम भोनखेड़ी के किसानों ने वाटर कोर्स बनवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को किसानों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में उमाशंकर साकल्ले ने सेवा निवृत्ति के बाद भी ग्रेज्युटी, पेंशन, बीमा व अवकाश नगदीकरण का लाभ प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जात्राखेड़ी निवासी दिनेश पंवार ने आवास योजना की राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिराली को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

### कमिश्नर और कलेक्टर को लिखे पत्र

## निर्माण कार्यों में देरी पर विधायक ने जताई चिंता, एजेंसी पर कार्रवाई करने की मांग की

**हरदा।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने अजनाल नदी पुल से जुड़ी बायपास सड़क के अधूरे निर्माण कार्य में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मंगलवार को नर्मदापुरम संभाग आयुक्त और कलेक्टर को पत्र लिखा। जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, साथ ही कार्य को जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

विधायक दोगने ने अपने पत्र में बताया कि हरदा जिले में नर्मदापुरम और बैतूल से आने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश किए बिना खंडवा रोड तक पहुंचाने के लिए एक बायपास सड़क का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे डबल फाटक से मगरधा मार्ग तक लगभग 4.50 किलोमीटर लंबी यह सड़क करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से बन रही है। निर्माण एजेंसियों ने टिमरन नदी और अजनाल नदी पर पुलों का निर्माण तो कर लिया है, लेकिन अजनाल नदी पुल से आगे की लगभग 1.5 किलोमीटर सड़क पिछले दो वर्षों से अधूरी पड़ी है। पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड भी अभी तक पूरी नहीं हुई है, जिससे पूरी बायपास योजना का मूल उद्देश्य अधूरा रह गया है। इस अधूरे कार्य के कारण नर्मदापुरम और बैतूल से आने वाले वाहनों को अब भी रेलवे डबल फाटक पार करके शहर के अंदर से खंडवा रोड तक जाना पड़ रहा है। इससे शहर में यातायात का दबाव बढ़ गया है और आम जनता को काफी परेशानी हो रही है।

खासकर, अजनाल नदी पर पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड अधूरी होने से बाइक चालकों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क निर्माण के लिए कुछ किसानों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया भी लंबित है, जिसका प्रस्ताव शासन स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इससे कार्य में और देरी हो रही है। इसके अतिरिक्त, निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य की गति भी अत्यंत धीमी बताई गई है, जो चिंता का विषय है। विधायक ने कहा कि ये परिस्थितियां संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसी की लापरवाही को दर्शाती हैं, जिसके कारण दो वर्षों में भी मात्र 1.5 किलोमीटर सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है।

### दीन दयाल रसोई सेवा के 9 वर्ष पूर्ण, एक भी दिन नहीं रुकी मानव सेवा

## शासन की योजनानुसार 5 रुपए में भरपेट भोजन मिलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अच्छी खबर

मध्यप्रदेश शासन की पहल पर शुरू हुई दीन दयाल रसोई सेवा ने मंगलवार को सेवा के 9 वर्ष पूरे कर लिए। मिडिल स्कूल परिसर में स्थित हरदा रसोई केंद्र ने 7 अप्रैल 2017 से लगातार एक भी दिन बिना रुके जरूरतमंदों को सम्मानजनक सात्विक भोजन उपलब्ध कराया है। शासन की योजना अनुसार मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध कराने वाली यह रसोई अब तक लगभग 5 लाख लोगों को भोजन करा चुकी है। निर्णय शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति हरदा के द्वारा नगर पालिका हरदा और दानदाताओं के सहयोग से संचालित इस रसोई केंद्र ने सामाजिक सेवा की ऐसी मिसाल पेश की है। जिसकी सराहना पूरे जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में की जा रही है। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की मंशा थी कि शहरों में कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। इसी उद्देश्य से दीन दयाल रसोई का शुभारंभ 7 अप्रैल 2017 को किया गया था। रसोई प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होती है और जो भी जरूरतमंद यहां आता है उसे सम्मानपूर्वक बैठा कर भोजन कराया जाता है। सचिव सरगम जैन ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान रसोई केंद्र से शहर भर में हजारों भोजन पैकेट वितरित किए गए थे। पटाखा विस्फोट हादसे के बाद रसोई केंद्र ने दो महीने तक प्रतिदिन भोजन के पैकेट बनाकर पीड़ित परिवारों तक पहुंचाये। गेहूं-चावल की आपूर्ति मध्यप्रदेश शासन से, जबकि नगर पालिका द्वारा बिजली,पानी और भवन,साफ़ सफाई और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। अन्य व्यवस्थाएं समिति द्वारा दानदाताओं से सहयोग प्राप्त कर पूरी की जाती हैं। रसोई केंद्र में कोई भी व्यक्ति अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ,स्मृति दिवस या किसी विशेष अवसर पर 5100 रुपये देकर सपरिवार केंद्र पहुँच कर अपने हाथो से भोजन करा सकता है। मंगलवार को विधायक आरके दोगने सहित समाजसेवी,समिति के सदस्य और नागरिक रसोई केंद्र पहुंचे। पदाधिकारी रविलाल पटेल, अनीता अग्रवाल, मुकेश पालीवाल, मनीष अग्रवाल,लोकेश मराठा आदि ने सभी का स्वागत किया।




### वृंदावन के पीठाधीश्वर सुतीक्ष्ण दास देवाचार्य महाराज का आगमन हुआ

## श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणि विवाह प्रसंग ने भावविभोर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





वृंदावन स्थित सुदामा कुटी के भव्य शताब्दी महा-महोत्सव के तहत सीताराम गार्डन में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे नजर आए। इस अवसर पर वृंदावन के संत शिवसेवकदास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं के साथ रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी का भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण हमें सच्ची भक्ति का संदेश देता है। भक्ति और समर्पण ही जीवन का सच्चा आधार है, सच्चे मन से किया गया प्रेम और विश्वास अंततः भगवान तक अवश्य पहुंचता है। कथा के दौरान पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा तथा श्रद्धालुओं ने आरती एवं प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन से जुड़े हेमंत मोराने ने बताया कि मंगलवार के दिन इस पावन अवसर पर वृंदावन स्थित श्रीनाभापीठ सुदामा कुटी के पीठाधीश्वर, आध्यात्मिक गुरु सुतीक्ष्ण दास देवाचार्य महाराज का हरदा आगमन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने कथा स्थल पर पहुंचकर अपने शिष्य शिवसेवकदास महाराज के श्रीमुख से चल रही कथा में सहभागिता की तथा नाम दीक्षा एवं संकीर्तन के माध्यम से वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। इसी दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वृंदावन में आयोजित सुदामा कुटी के भव्य शताब्दी महा-महोत्सव की जानकारी साझा की। सुदामा कुटी की 100 वर्षों की यात्रा सेवा, साधना और सनातन धर्म के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, एकता एवं संस्कारों के प्रसार पर विशेष बल देते हुए कहा कि मानव-मानव एक है और हमें देश, समाज एवं सनातन धर्म के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए।

पहली बार हरदा आगमन पर उन्होंने हरदा क्षेत्र की सराहना करते हुए कहा कि यह भूमि माँ नर्मदा का क्षेत्र और ओंकारेश्वर एवं महाकालेश्वर के आशीर्वाद से पावन है और यहां के लोग धर्म के प्रति अडिग एवं राष्ट्रभक्त हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण को उन्होंने स्वर्णिम काल बताते हुए पूरे विश्व के लिए गौरव का विषय बताया। पत्रकारों के सवाल पर गो सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिलना चाहिए।